## सार-समाचार

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को

**रामगंजमण्डी,( निसं )।** शहर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण 28 अक्टूबर मंगलवार को होने जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिमा का अनावरण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के आतिथ्य व नगर पालिका रामगंजमंडी के तत्वावधान में होगा। जिसकी तैयारियों को लेकर 24 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे एक आवश्यक मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें आयोजन के बारे में विशेष चर्चा हुई। मीटिंग में नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल के अतिरिक्त राजपूत समाज से भी कई समाजबन्धु भी उपस्थित रहे।

### 7 गिरफ्तारी वारंटी, 1 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**छबड़ा( निसं )।** आगामी अंता उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा सात गिरफ्तारी वारंटी व एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। सीआई राजेश खटाना ने बताया कि नंदकिशोर नायक, गुलाबचंद रैगर, नवलसिंह सांसी, बनवारी लाल भील, राजू उर्फ राजेन्द्र माली, रविन्द्र बैरवा, रामकल्याण सहरिया, रामनिवास मीणा को गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि एसपी के विशेष निर्देशन में छबड़ा थाना की विशेष टीम ने विगत 5 दिन में राज्य व राज्य से बाहर विशेष कार्ययोजना बनाकर विशेष टीम का गठन कर लगभग 38 गिरफ्तारी वारंटी व 3 स्थाई वारन्टीयों को गिरफ्तार कर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था में विशेष योगदान दिया है तथा जिला स्तर पर इस मद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

### अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 तक बढ़ी

**बूंदी( निसं )।** मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना की अवधि 31 दिसम्बर 2025 तक बढ़ा दी गई है। बून्दी जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड सचिव, ने यह जानकारी दी उन्होंने बताया कि बैंक के सभी अवधिपार ऋणी इस योजना के तहत राहत पाने के पात्र है। पहले योजना का लाभ लेने के पात्र ऋणी को 30 सितम्बर 2025 तक स्वंय के हिस्से की देय राशि जमा करवाना जरूरी था। अब राज्य सरकार ने यह शर्त हटा दी है। सभी ऋणियों के लिए अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 तय की गई है। जो ऋणी अब तक योजना का लाभ नही ले सके है वे भी अब 31 दिसम्बर 2025 तक अपनी राशि योजनान्तर्गत जमा कर राहत पा सकते हैं। बून्दी जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि., बून्दी के अब तक 68 ऋणी सदस्यों द्वारा अपनी जमा योग्य राशि जमाकर 136.73 लाख की राहत का लाभ लिया जा चुका है। शेष ऋणियों से अपील की गई है कि वे भी अंतिम तिथि से पहले अपनी राशि जमा कर 01 जुलाई 2024 को बकाया अवधिपार ब्याज, दण्डनीय ब्याज और वसूली खर्च में 100 प्रतिशत छूट प्राप्त कर शेष मूलधन व जुलाई 2024 के पश्चात् का ब्याज जमा कर योजना लाभ ले सकतें हैं।

### 26 जनवरी को चुनाव प्रस्तावित

**छबड़ा( निसं )।** आगामी 26 जनवरी को पेंशनर समाज उपशाखा के चुनाव प्रस्तावित है। जो भी सदस्य बनना चाहते है, वे 31 दिसंबर तक निर्धारित शुल्क जमा करवाकर केशियर रामचंद्र भार्गव से रसीद प्राप्त कर ले। क्योकि जो संगठन का प्राथमिक सदस्य होगा, वही मतदान में हिस्सा ले सकेगा। यह जानकारी अध्यक्ष हरिश्चंद्र पाठक ने दी है।

### मैना नागर का सिंगिंग कार्यक्रम आज

**छबड़ा( निसं )।** खेजड़ा निवासी भगवान नागर की पुत्री मैना नागर ने अपनी सुमधुर आवाज़ से छबड़ा का नाम रोशन किया है। उन्होंने 9 एक्सएम चैनल पर आयोजित इंडियाज टेलेंट फाइट सीजन-5 में भाग लेकर न केवल अपने परिवार, बल्कि समूचे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस कार्यक्रम का प्रसारण शनिवार को रात्रि 11:55 बजे किया जाएगा।छबड़ा की इस प्रतिभाशाली बेटी के इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संगीत प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी, प्रधान हरिओम नागर, भजन गायक अशोक गौड़, संगीत अध्यापक राजेंद्र रावल सहित अनेक नागरिकों ने नागर को उज्जवल भविष्य और नई ऊंचाइयों की शुभकामनाएं दी हैं। यह बेटी संगीत जगत में क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन कर रही है, जो समूचे छबड़ा वासियों के लिए गर्व का विषय है।

### दिव्यांगजनों ने मनाई दीपावली

**कोटा, ( निसं )।** अखिल भारतीय आदर्श दिव्यांग सेवा समिति ने दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था के अध्यक्ष रमेश नागर ने बताया की दिव्यांगजनों ने पटाखे, फुलझड़ियां चलाकर और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। संस्था के संरक्षक रजनीश नागर, मुकेश विजय, संजय साहू, कोषाध्यक्ष, अविनाश राज भोला, कन्हैयालाल, मुकेश पचौरी, सुरेंद्र, हनुमान पंकज, नीतू भोला, जाकिर हुसैन, अरुण कुमार गुप्ता, आदि दिव्यांग सदस्यों उपस्थित रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डीआरएम कार्यालय में संसदीय क्षेत्र कोटा बूंदी से जुड़ी रेल विकास परियोजनाओं की समीक्षा की है।

### माहे जमादिउल अव्वल का चांद दिखाई दिया छटी शरीफ 29 अक्तूबर को

**बूंदी।** राजस्थान क़ाज़ी कोंसिल संरक्षक शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी की सरपरती व हिलाल कमेटी के सदर नायब शहर काजी इमरान कादरी की सदारत में हिलाल कमेटी की बैठक हुई। जिसमें माहे जमादि उल अव्वल शरीफ के चांद की घोषणा की गई। हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज की छटी शरीफ 29 अक्टूबर बुधवार को मनाई जाएगी। जिला वक्फ कमेटी सचिव मौलाना असलम ने बताया कि इस्लामिक कैलेंडर वर्ष 1447 हिजरी के पांचवे माह माहे जमादि उल अव्वल शरीफ की शुरुआत 24 अक्टूबर शुक्रवार से हो गई 122 अक्टूबर बुधवार को 29 वा चांद जिले के आस पास सहित मुल्क में कही भी दिखाई नहीं दिया व शरई शहादत भी नहीं आई व 30 वा चांद 23 अक्टूबर गुरुवार को रूईयत आम होने पर 24 अक्तूबर शुक्रवार को चांद की पहली तारीख मानी गई व ख्वाजा गरीब नवाज की छटी शरीफ 29 अक्टूबर बुधवार को व जश्ने मदारूल अलामीन दादा मदार का उर्स 9 नवम्बर रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन जगह जगह महफिले घरों पर नियाज़ फातिहा होती है व लंगर तकसीम किया जाता है। बैठक में हाजी अब्दुल सत्तार, मौलाना असगरुल कादरी, अजीज कादरी, मोहम्मद अहमद रजा, मेहमूद अली, जमशेदुर रहमान मौजूद रहे।

### आर्यिका माताजी का पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम रविवार को, होंगे विविध आयोजन

**बूंदी( निसं )।** दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज व आदि सत्य पावन वर्षायोग समिति की ओर से चातुर्मास निष्ठापन एवं पिच्छिका परिवर्तन का कार्यकम रविवार को चौगान जैन मंदिर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान आर्यिका सत्यमती माताजी व आर्यिका हेमश्री माताजी को नवीन पिच्छिका भेंट की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजीत होंगे। समाज अध्यक्ष संतोष पाटनी व चातुर्मास मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि रविवार को दोपहर 1:30 बजे से धार्मिक कार्यक्रम शुरू होंगे। चातुर्मास संयोजक दीपक गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम में आर्यिका माताजी के पाद प्रक्षालन , शास्त्र भेंट,वस्त्र भेंट एवं नवीन पिच्छिका भेंट की जाएगी। इस मौके पर सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।

### एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में छूट

**कोटा, ( निसं )।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा अन्तर्गत जिले में एक मुश्त समाधान योजना 2025 संचालित की जा रही है। जिसमें अतिदेय मूलधन जमा करवाने पर अतिदेय ब्याज व दण्डनीय ब्याज में छूट प्रदान की जा रही है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि योजना के तहत छूट का लाभ लेने हेतु शीघ्र कार्यालय से सम्पर्क कर अतिदेय मूलदेय जमा करवाना होगा। इस सम्बन्ध में सभी ऋणियों को नोटिस प्रेषित किये जा चुके है। किसी ऋणी को नोटिस प्राप्त नहीं होने की स्थिति में कार्यालय में सम्पर्क कर अपनी राशि जमा करवा सकते है। इस योजना का प्रथम चरण की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर रखी गई हैं एवं इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता हैं।

# औद्योगिक समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण पर कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश

■ **जिला स्तरीय विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की मासिक बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई**

**कोटा, ( निसं )।** उद्योगों से जुड़ी शिकायतों एवं विवादों के त्वरित समाधान तथा जिले में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिलास्तरीय विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की मासिक बैठक शुक्रवार को क जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले में नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, रिको कोटा को विकास कार्यों को प्राथमिकता से और नियमानुसार आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक संघों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में अतिक्रमण की समस्या रखे जाने पर जिला कलक्टर पीयूष समारिया द्वारा रीको अधिकारियों को समयबद्ध कार्य योजना बनाकर अतिक्रमण रोकने/हटाने के निर्देश प्रदान किऐं, ताकि उद्योगों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकें। महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, हरिमोहन शर्मा ने बताया कि उद्योगों से आने वाली शिकायतों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जेवीवीएनएल, वाणिज्य कर विभाग, केडीए, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं श्रम विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उद्योगों की समस्याओं को शीघ्रता से हल किया जाऐं।

विद्युत आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर जिला कलक्टर ने केईडीएल को कंट्रोल रूम में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिऐं। बैठक में उद्योगों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सुझाव एवं व्यवहारिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि समन्वयित कार्यप्रणाली के माध्यम से उद्योगों के लिए सकारात्मक एवं निवेश-अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में रीको लिमिटेड, वाणिज्य कर विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, केडीए, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं श्रम विभाग के अधिकारी सहित जिले के प्रमुख औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि गोविन्दराम मित्तल, संस्थापक अध्यक्ष, मनोज राठी, अध्यक्ष डीएसएसआई एसोसिएशन, के.बी. नन्दवाना, महासचिव लघु उद्योग ऑफ काउंसिल, अंकुर गुप्ता, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, कमलदीप सिंह, अध्यक्ष कोटा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स सोसायटी तथा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रस्टिक फार्म हाउस के आवेदन 27 अक्टूबर से

■ **उक्त योजना में कुल 15 फार्म हाउस भूखंडों की लॉटरी प्रस्तावित है, योजना न्यू ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, चम्बल रिवर फन्ट के समीप स्थित है**

**कोटा, (निसं)।** कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन को फार्म हाउस भूखण्ड उपलब्ध कराने हेतु रस्टिक फार्म हाउस की आवेदन पुस्तिका का विक्रय प्रारम्भ सोमवार 27 अक्टूबर को सायं 4.30 बजे अध्यक्ष एवं आयुक्त कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा।

उक्त योजना में कुल 15 फार्म हाउस भूखंडों की लॉटरी प्रस्तावित है। योजना न्यू ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, चम्बल रिवर फन्ट के समीप स्थित है। उक्त योजना में सीवरेज लाईन, पार्क, पेयजल, निर्मित सड़क आदि मूलभूत सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है।

सचिव कोटा विकास प्राधिकरण मुकेश चौधरी ने बताया कि उक्त योजना में आवेदन पत्र विक्रय सोमवार 27 अक्टूबर से प्रारम्भ किये जायेंगे जिसके आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 14 नवम्बर निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र एच॰डी॰एफ॰सी बैंक कोटा की समस्त शाखा तथा राजस्थान के अन्य जिला मुख्यालय पर स्थित नोडल शाखा से एवं केडीए परिसर के काउन्टर से भी प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है।

## महिला तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** किशोरपुरा पुलिस टीम ने इलाके में अकस्मात् चैकिंग के दौरान नशे के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन गरूड़व्यूह के तहत कार्यवाही करते हुए महिला तस्कर को अवैध मादक पदार्थ 2.05 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया, पुलिस टीम ने पकडी गई महिला से अवैध मादक पदार्थ की बिक्री रकम 20340 रूपये भी बरामद किये। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि किशोरपुरा थानाधिकारी भूरी सिंह ने मय जाप्ता इलाके में अकस्मात चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए महिला तस्कर से अवैध मादक पदार्थ 2.05 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए संजय बस्ती निवासी मुस्कान (25) को गिरफ्तार किया, पकड़ी गई महिला से अवैध मादक पदार्थ की बिक्री रकम 20340 रूपये बरामद किया।

## मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना सर्वोच्च प्राथमिकता: डॉ. सामर

■ **सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केंद्र हटीपुरा का किया औचक निरीक्षण, विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ दिए सुधार के निर्देश**

**बूंदी( निसं )।** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर ने उप स्वास्थ्य केंद्र हटीपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवा वितरण प्रणाली, स्टाफ की उपस्थिति रजिस्टर, मरीज पंजीकरण रजिस्टर सहित रिकॉर्ड की गहन जांच की।

डॉ. सामर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियानों की प्रगति की जानकारी ली तथा टोबेको फ्री यूथ कैंपेन, निक्षय पोषण योजना, माँ योजना और अन्य विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम में मौसमी रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को गांव-गांव जाकर जनजागरूकता बढ़ानी चाहिए ताकि लोग समय पर उपचार और बचाव उपाय अपना सकें। सीएमएचओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखना प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्टाफ को रोगियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलने वाली सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डॉ. सामर ने कहा कि जनता का विश्वास तभी मजबूत होगा जब हमारे स्वास्थ्य संस्थान सेवाओं में पारदर्शिता और जिम्मेदारी का परिचय देंगे। हर मरीज को सम्मानपूर्वक और प्रभावी उपचार मिलना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक सुधार बिंदुओं पर चर्चा की और स्टाफ को टीम भावना के साथ कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षणों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना है। इस मौके पर एडिशनल सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा सहित संबंधित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## जिला अध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवाल ने फिता काटकर शुभारंभ किया

**मांगरोल** (निसं) अंता विधानसभा के उप चुनाव को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय का भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवाल व भाजपा प्रदेश सदस्या मलिक कमांडर ने मांगरोल पहुंचकर चौरसिया मैरिज हॉल में गणेश जी महाराज की पुजा वंदना कर फिता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया शुभारंभ के दौरान समस्त भाजपा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अंता विधानसभा के उप चुनाव में भाजपा का उम्मीदवार मोरपाल सुमन को इस बार सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर मनमुटाव मिटाकर एक साथ काम में लगकर जितना है, इस रोचक चुनाव के दौरान पूरे राजस्थान के राजस्थान भाजपा मंडल की नजर अंता होट सीट पर नजर है कैसे भी कर भाजपा सरकार में भाजपा को सीट जिताकर मोरपाल को जयपुर भेजना है और अंता मांगरोल विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए जितना जरूरी है कार्यक्रम के दौरान भाजपा के भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सुमन, देहात मंडल अध्यक्ष महेंद्र मीणा पूर्व मंडल अध्यक्ष पीयूष विजय पूर्ण नगर पालिका अध्यक्ष अमित चोपड़ा वरिष्ठ पूर्व भाजपा महामंत्री जगदीश वेंद,पूर्व जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश मीणा भटवाडा,बाराँ वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रहांद शर्मा, पूर्व प्रधान प्रेमशकर गालव, भाजपा महामंत्री संजय गालव, किसान मोर्चा अध्यक्ष दर्शन सिंह, डॉक्टर मांगीलाल गोस्वामी , पूर्व युवा भाजपा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सुमन, युवा मोर्चा भाजपा अध्यक्ष भरत चौरसिया ,पूर्ण नगर पालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रजाक, श्याम सिंह राजावत ,योगेश गौतम ,भूपेंद्र सुमन ,मोहम्मद इलियास ,किसान अमित दीगवाल हितेश चोपड़ा, अन्य सभी भाजपा कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय उद्घाटन में मौजूद रहे।

# दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में अविलंब करें सुधार कार्य: जिला कलेक्टर

■ **जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

**कोटा,** (निसं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षित यातायात एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यो को गंभीरता से लेते हुए सुधारात्मक कदम अविलंब उठाए जाएं। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के साथ ही ऐसे स्थानों पर पर्याप्त साईनेज लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि भारी एवं मालवाहक वाहनों का दिन के समय शहर में प्रवेश नहीं हो, इसके लिए वाहनों को पाबंद किया जाए, अभियान चलाकर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। कलक्टर ने निर्देश दिए कि नयापुरा बस स्टेंड के आस-पास निजी बसों का जमावड़ा ना हो एवं फ्लाईओवर पर ठहराव भी ना हो। सघन चौकिंग से ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाए व चालान काटे जाएं। स्टेशन रोड पर दुकानों के बाहर सामान रखकर किए गए अतिक्रमण से होने वाली जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए यहां सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि एनएच एवं एनएचएआई की सड़कों पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर चेतावनी बोर्ड, रिफलेक्टर एवं आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए आवश्यक टेलिफोन नम्बर के बोर्ड लगवाएं जाएं। जिला कलक्टर ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्पॉट्स की जानकारी लेते हुए दुर्घटनाओं के कारण जाने और निर्देश दिए कि ज्वाइंट कमेटी के निरीक्षण के आधार पर ऐसे स्पॉट्स पर आवश्यकतानुसार अविलंब सुधारात्मक कार्य किए जाएं।

विभिन्न स्थानों पर अण्डरपास में ड्रेनेज की समस्या पर उन्होंने निर्देश दिए कि अभी से कार्य योजना बनाकर पुख्ता कार्य किया जाए, ताकि आगामी मानसून तक समस्या का समाधान किया जा सके। बैठक में दरा घाटी में एडिशनल आरयूबी के संबंध में अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि राशि रेल्वे का उपलब्ध करवा दी है एवं कार्य प्रक्रियाधीन है। अमझार पुलिया से स्टील ब्रिज तक कोटा की ओर सीसी ब्लॉक व डिवाईडर के संबंध में एनएच अधीक्षण अभियंता ने अवगत कराया कि 2.5 कि. मी में 800 मीटर का कार्य पूरा कर लिया गया है। अमझार चेचट रोड पर सीसी कार्य पूर्ण कर हल्का ट्रेफिक चालू कर दिया गया है। बैठक में तिलमसंघ प्रेमनगर फ्लाईओवर, श्रीराम फैक्ट्री रोड़ एवं माला रोड फ्लाईओवर पर गंभीर दुर्घटनाओं पर ध्यान आकृष्ट करने पर जिला कलक्टर ने सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए साथ ही प्रत्येक माह की 5 तारीख को बीते माह हुई दुर्घटनाओं का ब्योरा निर्धारित प्रोफार्मा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जे.पी. गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निशुल्क निकाह सम्मेलन 28 को

**कोटा,** (निसं)। हजरत हाजी जमाले मुस्तकिल वारसी शाह (रहमतुल्ला अलैह) की पहली बरसी के उपलक्ष्य में उनकी बिटिया बेटू वारसी द्वारा निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन 28 अक्टूबर को किया जा रहा है। जिसमें चार जोड़ों का निकाह/विवाह करवाया जाएगा। आयोजक सरफराज वारसी और आशीष सोनी ने बताया कि यह सम्मेलन आगामी 28 अक्टूबर को मानपुरा स्थित 120 फीट रोड़, कोटा पर सुबह 11 बजे से शुरू होगा। यह आयोजन हाजी वारसी शाह की याद में एक पवित्र पहल है। इस अवसर पर सभी आगंतुकों के लिए भोजन (लंगर) की व्यवस्था की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप उनकी नई गृहस्थी के लिए घर-गृहस्थी का आवश्यक सामान भी भेंट किया जाएगा। आयोजकों ने सभी समाजसेवियों और शहर के नागरिकों से इस पवित्र कार्य को सफल बनाने और नवयुगल जोड़ों को अपना आशीर्वाद देने की अपील की है।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**बून्दी।** श्री चित्रगुप्त कायस्थ महासभा बून्दी की ओर से यम द्वितीया के अवसर पर एक निजी रिसोर्ट में कलम दवात पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाजबंधुओं ने बढचढकर भाग लिया। समाज जिलाध्यक्ष अरूण सक्सेना ने बताया कि सर्वप्रथम समाज के मिडिया प्रभारी भास्कर माथुर ने सहपत्नी आराध्यदेव श्री चित्रगुप्त जी महाराज का पूजन किया। इसके पष्चात सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। इसके पष्चात समाज के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पष्चात दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाजबंधुओं ने जमकर आतिषबाजी की और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर दीपावली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में समाज संरक्षक गिरधर श्रीवास्तव, सचिव सत्यप्रकाष माथुर, उपाध्यक्ष हर्षवर्धन भटनागर, आमोद माथुर, संदीप सक्सेना, कोषाध्यक्ष राजेंद्र माथुर, अषोक सक्सेना, अरूण भटनागर, राकेष सक्सेना, प्रमोद माथुर, युवा शाखा जिलाध्यक्ष निलेष भटनागर, भूपेंद्र भटनागर, सिद्धार्थ माथुर, सचिन सक्सेना, ममता सक्सेना, पूजा भटनागर, शैवाली भटनागर, पूजा माथुर, शालिनी सक्सेना, मधु भटनागर सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को

■ **तैयारियों को लेकर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कौशल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई**

**कोटा,** (निसं)। ब्राह्मण महासभा राजस्थान के तत्वावधान में 26 अक्टूबर रविवार को श्रीनाथपुरम् के बालाजी मार्केट स्थित परशुराम वाटिका में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं अन्नकूट महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कौशल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। आयोजन समिति अध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन हाइटेक एवं पूर्णतः पेपरलेस रूप में आयोजित किया जा रहा है। महासभा द्वारा 5100 बायोडाटा प्रसारित करने का लक्ष्य रखा गया था, जो लगभग पूर्ण हो चुका है। परिचय सम्मेलन का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। साथ ही, निःशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा समाज की वैवाहिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसमें देशभर से समाजजनों का उत्साहपूर्ण सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजन सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।



### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम अमित कुमार शर्मा से बदलकर नया नाम अमित कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-अमित कुमार पुत्र ओम प्रकाश शर्मा 105, सुवालका रिद्धि-सिद्धि रेसीडेन्सी रोड नं. 1 आई.पी.आई.ए., कोटा**



# ई-कार्ड व डिस्पोजल फ्री अन्नकूट से माहेश्वरी समाज देगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ **अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला ने लिया तैयारियों का जायजा**

■ **लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला रहेंगे मुख्य अतिथि**

**कोटा, ( निसं )।** श्री माहेश्वरी समाज कोटा से संबद्ध श्री माहेश्वरी पंचायत कोटा के द्वारा अन्नकूट महोत्सव एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन 25 अक्टूबर को सांय 6.15 बजे श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में भव्य भजन संधा की रसधारा के बीच 5 हजार से अधिक माहेश्वरी बंधुओं की महाप्रसादी आयोजित की जाएगी। पंचायत के मंत्री रामचरण धूत ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला होंगे। पांचजन्य अतिथि में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला तथा विशिष्ठ अतिथि में कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लि. के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला कार्यक्रम की शोभा को बढ़ायेंगे। पूर्वी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष महेश चंद अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम में अन्नत वियज अतिथि ओम माहेश्वरी, गोविंद माहेश्वरी, विष्णु कुमार साबू, नारायण स्वरूप कालानी, आन्नद स्वरूप राठी, भगवान बिरला एवं मनोज जाखेटिया रहेंगे इसी के साथ पौण्ड्र खड्ग, देवदत्त अतिथि, सुघोष अतिथि और मणिपुष्पक अतिथि सम्मिलित होंगे। अतिथि भी शामिल होंगे।

राजेश कृष्ण बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने वाला एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आमंत्रण ई-कार्ड के माध्यम से भेजे गए हैं, जिससे कागज की बचत के साथ डिजिटल माध्यम को बढ़ावा मिला है। इसके अतिरिक्त, आयोजन में डिस्पोजल-फ्री महाप्रसादी की व्यवस्था की गई है, जिससे कचरा और गंदगी पर प्रभावी रोकथाम होगी। बिरला ने कहा कि यह पहल समाज के पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

पंचायत अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया ने कहा कि माहेश्वरी समाज का यह सामूहिक आयोजन एकता, भक्तिभाव, सांस्कृतिक गौरव और समाज की खुशहाली की प्रार्थना के साथ प्रतिवर्ष किया जाता है।

पंचायत अध्यक्ष कृष्णगोपाल जाखेटिया ने बताया कि शुक्रवार को उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला ने तैयारियों का जायजा समाज प्रतिनिधियों के साथ किया। बिरला ने सामाजिक कार्यक्रमों को सामाजिक एकता और जुड़ाव का प्रतीक बताया। बिरला ने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को एक साथ लाकर उनके बीच संबंध मजबूत करते हैं। इस अवसर पर इस अवसर पर माहेड़वरी समाज के मंत्री बिट्ठल दास मूंदड़ा, उपाध्यक्ष नंद किशोर काल्या, पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष महेशचंद अजमेरा, समाज कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शारदा, सहमंत्री घनश्याम मूंदड़ा, पंचायत के अध्यक्ष कृष्णगोपाल जाखेटिया, मंत्री रामचरण धूत, कोषाध्यक्ष बृजगोपाल भराड़िया, उपाध्यक्ष सत्यनारायण चांडक, मुकेश मर्चुनिया, कोटा जिला माहेड़वरी सभा के अध्यक्ष सुरेशचंद्र काबरा मंत्री ओम प्रकाश गट्टानी सेवा सहित ओम प्रकाश झंवर, सत्यनारायण चांडक, दामोदर मुंदड़ा, घनश्याम सोनी सहित कई माहेश्वरीबंधु उपस्थित रहे। पंचायत अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में ठाकुरजी भव्य झांकी सजाई जाएगी और नयनाभिराम दर्शन का लाभ लोग प्राप्त कर सकेंगे। ठाकुरजी को 56 भोग परोसा जाएगा और हरिनाम भजन सर्कीतन से कार्यक्रम का भक्तिमय आगाज किया जाएगा।



### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/435 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 17.10.2025

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय आवास संख्या 951 को आवंटन/ न्यास पत्र क्रमांक 416 दिनांक 06.10.1995 को श्री मोहन लाल वैष्णव पुत्र श्री बाबू लाल वैष्णव को आवंटन किया गया था। उक्त आवास की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री पुरुषोतम शर्मा पुत्र श्री हीरालाल शर्मा द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस विक्रय स्वीकृति में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 951 योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय की विक्रय स्वीकृति श्री मोहन लाल वैष्णव पुत्र श्री बाबू लाल वैष्णव जर्ये मुख्तारआम श्री पुरुषोतम शर्मा पुत्र श्री हीरालाल शर्मा के नाम जारी कर दी जायेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2058 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 15.10.25

आवास संख्या 10/133 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा कुमारी नीलम शर्मा पुत्री श्री बलवन्त राय शर्मा को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती शिल्पा माहेश्वरी पत्नि श्री प्रमोद माहेश्वरी के नाम दिनांक 19.09.2017 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती शिल्पा माहेश्वरी पत्नि श्री प्रमोद माहेश्वरी द्वारा दिनांक 26.12.2017 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरान्त श्रीमती शिल्पा माहेश्वरी पत्नि श्री प्रमोद माहेश्वरी द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 24.05.2018 को श्री दीपक सक्सेना पुत्र श्री नरेश कुमार सक्सेना को किया गया। श्री दीपक सक्सेना पुत्र श्री नरेश कुमार सक्सेना का नाम दिनांक 30.10.2018 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री दीपक सक्सेना पुत्र श्री नरेश कुमार सक्सेना द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.07.2025 को श्री चन्द्र शेखर सेन पुत्र श्री राम गोपाल सेन को किया गया। श्री चन्द्र शेखर सेन पुत्र श्री राम गोपाल सेन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 10/133 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री चन्द्र शेखर सेन पुत्र श्री राम गोपाल सेन का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री चन्द्र शेखर सेन पुत्र श्री राम गोपाल सेन का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री चन्द्र शेखर सेन पुत्र श्री राम गोपाल सेन के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**